# <u>हिन्दी प्रादेशिक समाचार</u>

## <u>आकाशवाणी चंडीगढ़</u>

**तिथि 17 फ़रवरी 2026** **समय 1810**

**<u>मुख्य समाचार :-</u>**

- केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा - एआई और शिक्षा, एक दूसरे के पूरक हैं।
- केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किसानों के लिए डिजिटल सहयोगी प्लेटफार्म 'भारत विस्तार' का शुभारंभ किया।
- हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा - आने वाला बजट लोगों की आकांक्षाओं के अनुरूप होगा और विकसित भविष्य का आधार बनेगा।
- हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने कहा - राज्य भर के आयुष अस्पतालों में खाली पद जल्द भरे जाएंगे।
- हरियाणा के खेल मंत्री गौरव गौतम ने आज पलवल में 3 करोड़ रूपए की लागत की चार सुपर सकर मशीनों को लोकार्पित किया।

*****************************************************************

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि एआई और शिक्षा, एक दूसरे के पूरक हैं। नई दिल्ली में 'भारत में एआई की सीमाओं को आगे बढ़ाना' विषय पर आधारित इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट के दूसरे दिन को संबोधित करते हुए श्री प्रधान ने कहा कि वर्तमान में देश ज्ञान केंद्रित समाज बनने की दिशा में अग्रसर है।

*<u>भारत की नई पीढ़ी को एआई इनेबल शिक्षा हमारा दायित्व है। काफी उत्साह से लोग इस समिट में पार्टिसिपेट कर रहे हैं। एआई इन एजुकेशन, एजुकेशन इन एआई भारत की परंपरागत ज्ञान से लेकर वैश्विक ज्ञान तक एआई को यूज करके, हमें अपने स्टूडेंट को अपनी नई जेनरेशन को कैसे ज्यादा इंपोर्ट करें, टीचर्स को जैसे इंपोर्ट करें, स्कूल मैनेजमेंट कॉलेज मैनेजमेंट को ठीक करें। ये प्रायोरिटी के विषय बन चुके हैं।</u>*

*****************************************************************

केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज जयपुर से किसानों के लिए डिजिटल सहयोगी 'भारत विस्तार' का शुभारंभ किया। इस पहल का उद्देश्य किसानों को स्मार्ट, सशक्त और सूचना-समृद्ध बनाना है। इस प्लेटफॉर्म के माध्यम से किसान अपने मोबाइल फोन से एक ही कॉल में सभी आवश्यक जानकारी प्राप्त कर सकेंगे।

इस अवसर पर केंद्रीय कृषि मंत्री ने इसे कृषि क्षेत्र में डिजिटल क्रांति की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बताया। उन्होंने कहा कि इस पहल से किसानों को फसल आधारित वैज्ञानिक सलाह, मंडी मूल्य और मौसम संबंधी जानकारी मिलेगी। श्री चौहान ने कहा कि सरकार का लक्ष्य फसलों का उत्पादन बढ़ाना है।

*हमारा लक्ष्य उत्पादन बढाना उसके लिए नई-नई किस्में आईसीआर फसलों की तैयार करना, उत्पादन की लागत घटाना, मैग्नाइजेशन तकनीकी का इस्तेमाल करके कम लागत का उत्पादन कैसे हो ताकि प्रोफिट बढे उसका प्रयास। किसान को उसके उत्पादन का दाम देना अगले एमएसपी पर रिकॉर्ड खरीदी की हमने कोशिश की है। मौसम की मार अगर फसल को बरबाद कर दे तो नुकसान की भरपाई प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना जैसी योजनाओं के माध्यम से करते हैं।*

*********************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा है कि आने वाला बजट लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करेगा और विकसित भविष्य के लिए नींव का काम करेगा।

मुख्यमंत्री आज चंडीगढ़ में 20 फरवरी को शुरू होने वाले बजट सत्र से पूर्व पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 2025- 26 के बजट की प्रक्रिया चल रही है। बजट लोगों के सुझावों के आधार पर ही बनाया जा रहा है। यह बजट प्रदेश के विकास का आधार बनेगा।

मुख्यमंत्री ने संकल्प पत्र के अब तक पूरे किए वादों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि संकल्प पत्र में किए गए वादे के अनुसार किसानों की 24 फसलें न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी जा रही हैं।

श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा लगातार हर क्षेत्र में प्रगति कर रहा है। उन्होंने कहा कि आर्थिक विकास का लाभ भी हर व्यक्ति तक पहुँच रहा है। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश में प्रति व्यक्ति आय में भी बढ़ा इजाफा हुआ है।

*********************************************************************

हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने कहा है कि राज्य भर के आयुष अस्पतालों में खाली पद जल्द ही भरे जाएंगे। संबंधित अधिकारियों को जरूरी निर्देश दे दिए गए हैं । उन्होंने कहा कि राज्य सरकार आयुष चिकित्सा सेवा को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है ताकि लोगों को आयुष पद्धति से इलाज का फायदा मिल सके। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि भिवानी के 25 बेड वाले सरकारी अस्पताल के लिए विभिन्न पद मंज़ूर किए गए हैं। इन पदों के लिए भी भर्ती प्रक्रिया जल्द शुरू होगी। उन्होंने आगे कहा कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तय नियमों के अनुसार पांच पद मंज़ूर किए गए हैं। इसके अलावा, अंशकालिक आधार पर योग प्रशिक्षक भी रखे जाएंगे।

*********************************************************************

हरियाणा के खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने आज पलवल में सीवर लाइनों की सफाई करने के लिए 3 करोड़ रूपए की लागत से 4 सुपर सकर मशीनों का लोकार्पण किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष विपिन बैंसला सहित सभी पार्दषगण मौजूद रहे।

खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा यह मशीनें जनस्वास्थ्य विभाग को प्रदान की गई।

*********************************************************************

हरियाणा विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने आज चंडीगढ़ में विधान सभा सचिवालय में प्रदेश सरकार के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी के साथ बैठक की। उन्होंने बैठक में सरकारी अधिकारियों पर निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के साथ संतोषजनक एवं अपेक्षित शिष्टाचार पूर्ण व्यवहार नहीं करने की विधायकों की शिकायत पर बातचीत की।

विधानसभा अध्यक्ष ने निर्देश दिए कि जनप्रतिनिधियों के साथ शासकीय कार्यों में निर्धारित प्रक्रिया, मर्यादा और पारस्परिक सम्मान का पूर्ण पालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने प्रशासन और विधायकों के बीच आधिकारिक व्यवहार के संबंध में केंद्र सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का उल्लेख करते हुए कहा कि विधायकों के पत्रों, सुझावों और संदर्भों पर नियमानुसार प्राथमिकता के साथ कार्रवाई की जानी चाहिए तथा संवाद की प्रक्रिया पारदर्शी और सम्मानजनक होनी चाहिए।

मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने इस संबंध में उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। उन्होंने कुछ विधायकों द्वारा प्रशासनिक अधिकारियों के साथ अलोकतांत्रिक भाषा का इस्तेमाल करने की बात विधानसभा अध्यक्ष के सम्मुख रखी। इस पर विधान सभा अध्यक्ष ने कहा कि तय मानदंडों के अनुसार जनप्रतिनिधियों को भी प्रशासनिक कार्यों में अनावश्यक हस्तक्षेप से बचते हुए तथा नियमों एवं प्रक्रियाओं का सम्मान करते हुए सार्वजनिक जीवन में गरिमा और शुचिता बनाए रखने की आवश्यकता है।

***********************************************************************

मुख्यमंत्री नायब सिंह कल उचाना में रैली को संबोधित करेंगे। उचाना के विधायक देवेंद्र अत्री ने बताया कि रैली को लेकर व्यापक तैयारियां की गई हैं। कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा, यातायात, पेयजल और अन्य सुविधाओं को लेकर सभी आवश्यक इंतजाम किए गए हैं। उन्होंने बताया कि रैली के दौरान मुख्यमंत्री के समक्ष क्षेत्र के विकास से जुड़ी कई महत्वपूर्ण मांगें रखी जाएंगी। इनमें युवाओं के लिए आधुनिक पुस्तकालय और स्टेडियम का निर्माण प्रमुख है।

इसके अलावा उचाना के नागरिक अस्पताल के नवीनीकरण की भी मांग की जाएगी।

*******************************************************************

पंचकूला में भानू स्थित भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल के प्रशिक्षण केंद्र में आज 492वें कांस्टेबल /जीडी (रिकरूट) महिला बैच के दीक्षांत एवं शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया । इस बैच में 29 राज्यों की 500 रिकरूट ने प्रशिक्षण लिया है।

भारत तिब्बत सीमा पुलिस के महानिदेशक शत्रुजीत सिंह कपूर ने समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ठ प्रदर्शन करनें वाली महिला प्रशिक्षणार्थियों ट्रोफियॉ देकर सम्मानित किया गया।

*******************************************************************